
## 27 जून को निकलेगी जगन्नाथ की रथ यात्रा

**गाडरवारा, देशबन्धु।** रथ यात्रा शुक्रवार 27 जून को निकाली जाएगी। यह पर्व हर साल आषाढ़ महीने के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। जगदीश मंदिर से निकलने वाली यह यात्रा भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा साथ होती है।

देखनी है कि यह रथयात्रा 27 जून को जगन्नाथ धाम, जगदीश मंदिर से, दोपहर 12 बजे से निकाली जायेगी, रथयात्रा जगदीश मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्ग पुरानी गल्ला मंडी, झंडा चोक, चोंकी, चांवडी, पानी की टंकी, पलोटन गंज, सरकारी अस्पताल, निर्मल मेडिकल से होते हुए, पुन: पानी की टंकी महावीर भवन, श्याम टाकीज़, सब्जी मंडी से होते हुए, पटैल वार्ड में अक्षय श्रीवास्तव सोनू मालगुजार के यहां रथयात्रा का समापन किया जायेगा।



बताया जाता है कि आयुर्वेद में वर्णित 10 औषधीय मूलों से तैयार विशेष काढ़ा दसमूलमोदक महाप्रभु को अर्पित किया गया। यह परंपरा पुरी से प्रेरित है, जहां महाप्रभु की मानव लीला के अनुसार बीमार होने पर आयुर्वेदिक उपचार किया जाता है। इस काढ़े का सेवन करने के बाद महाप्रभु की सेहत में तेजी से सुधार देखा गया है। वहीं एकादशी की रात को भगवान के शरीर पर चंदन का शीतल लेप चढ़ाया गया, जिसे चंदन सेवा कहा जाता है।

इस प्रक्रिया से भगवान को शांति व ठंडक मिलती है और माना जाता है कि इसके बाद वे शीघ्र ही पूर्णत: स्वस्थ हो जाते हैं। यह परंपरा उस भाव को दर्शाती है कि भगवान भी भक्तों के लिए मानवीय रूप में लीलाएं करते हैं। परंपरा के अनुसार भगवान के स्वस्थ होने की जानकारी गजपति महाराज को दी जाती है। यहां भी इसी परंपरा को निभाते हुए महाप्रभु की सेवा में औषधियां और वस्त्रों को पूजन कर भोग के साथ अर्पित किया गया।

आयोजन समिति ने समस्त धर्म प्रेमियों से अनुरोध किया है की ज्यादा से ज्यादा संख्या में जगन्नाथ भगवान की रथयात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ कमाये।

## जिले में अब तक 100.8 मिमी वर्षा दर्ज

**नरसिंहपुर, देशबान्धु ।** नरसिंहपुर जिले में एक जून से 24 जून तक की अवधि में औसत रूप से कुल 100.8 मिमी अर्थात 3.96 इंच वर्षा दर्ज की गयी है। 24 जून की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 34.6 मिमी अर्थात 1.36 इंच वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 33 मिमी, गाडरवारा में 6 मिमी, गोटेगांव में 35 मिमी, करेली में 46 मिमी और तेंदूखेड़ा में 53 मिमी वर्षा आंकी गई है। अधीक्षक भू- अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 जून तक तहसील नरसिंहपुर में 108 मिमी, गाडरवारा में 51, गोटेगांव में 93 मिमी, करेली में 89 मिमी और तेंदूखेड़ा में 163 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 40.80 मिमी अर्थात 1.61 इंच वर्षा हुई थी।

## हनुमान मंदिर में सत्संग सभा

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** एक नियमित दिनचर्या के माध्यम से हमें सुकर्म दायित्वों का वहन और परोपकार सेवा करना चाहिए। मां बाप बुजुर्ग गुरु हमारे प्रथम पूज्य हैं। हम सदैव इन्हें प्रसन्न रखें। हमारे आचरण ब्यौहार और कार्यों से सभी खुश प्रसन्न रहें तो समझो हमारी भक्ति सफल है। उक्ताशय के विचार भाई गिरीश पटेल ने मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर नरसिंहपुर में आयोजित मंगलवासरीय सत्संग सभा में व्यक्त किये।



हनुमान जी के पूजन अर्चन सहित चोला वंदन पुजारी पंडित मनीष गिरदोनिया द्वारा किया गया।एस पी तिवारी ने भजन प्रस्तुत किये।

गुरुवर नारायण प्रसाद साहू ने संचालन सहित प्रभु राम के नाम का संकीर्तन करवाया और संकीर्तन के महत्व को बताया।

कार्यक्रम में गुरुवर प्रोफेसर किशन साहू गुरुवर कवि अशोक त्रिपाठी पंडित मनोज बाजपेई कृषि अधिकारी जे पी श्रीवास्तव महेश नेमा बी डी रूसिया राकेश शर्मा गंगा राम साहू अशोक नेमा बबलू नेमा एड अजय साहू सुभाष साहू ओमप्रकाश पंड्या चौहान साहब सहित अनेक भक्त जन उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### हाजी इनायत खान का स्वागत

**गाडरवारा, देशबन्धु।** हज इस्लाम धर्म की सबसे महत्वपूर्ण और धार्मिक यात्रा मानी जाती है हज के मुकद्दस सफर से लौटे हाजी इनायत खान इटारसी वालो का गाडरवारा में दिली इस्तकबाल किया गया। हज इस्लाम के पांच मूल स्तंभों में से एक है, जिसमें हाजियों को मक्का में काबा की यात्रा करनी होती है और विशेष दिनों में विशेष कार्य संपन्न करने होते हैं। यह यात्रा करने वाले हाजी बहुत खुशनसीब होते हैं जिन्हें मोहम्मद मुस्तफा के रोजे की जियारत करने का सौभाग्य मिलता है  हज करकर लौटने वाले हाजीयो के चेहरे पर अलग ही खुशी और नूर देखने को मिलता है। हाजी इनायत खान ने हज सफर के यादगार लम्हो का जिक्र भी किया। मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद के अब्दुल फिरोज खान, युवा नेता इस्माइल खान, शमीम खान, शेख सोहेल,सिरोज खान,अफजल खान, अरबाज खान सहित अनेको लोगो ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।

### जिला निगरानी समिति गठित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु ।**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरसिंहपुर श्रीमती शीतला पटले ने सभी दिव्यांग व्यक्तियों के सुगम्य और समावेशी चुनाव प्रक्रिया के लिए जिले में किये जा रहे उपायों की निगरानी और मूल्यांकन करने के लिए सुगम्य चुनाव एवं जिला निगरानी समिति-डीएमसीएई का गठन किया है। यह जिला निगरानी समिति-डीएमसीएआई का गठन का आदेश भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मयप्रदेश द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में जारी किया है।

### मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत राशि स्वीकृत

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले की नरसिंहपुर तहसील के ग्राम मुराछ के मुकेश पिता विष्णु प्रसाद विश्वकर्मा की कृषि कार्य करते समय करंट लगने पर उनके निकटतम वारसान उनकी पत्नि संध्याबाई को मुख्यमंत्री जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जारी आदेश के अनुसार नरसिंहपुर तहसील के ग्राम मुराछ निवासी मुकेश पिता विष्णु प्रसाद विश्वकर्मा कृषि कार्य करते समय करंट लगने से मृत्यु हो गई थी। इस पर संयुक्त कलेक्टर नरसिंहपुर ने मप्र राज्य कृषि वितरण बोर्ड भोपाल के तहत मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत मृतक के निकटतम वारिस उनकी पत्नी संध्याबाई को 4 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है।

### जनसुनवाई में आये 150 आवेदन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 24 जून को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया।  इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्यायें सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 150 आवेदन आये।

### बृजपुरिया का निधन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस स्थानीय शहीद भगत सिंह वार्ड निवासी राजेश (बबलू) के पिता किशन दास व्रजपुरिया का 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकी शव यात्रा में सभी वर्गों के नागरिकों ने भाग लेकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

## भाजपा ने मनाया मुखर्जी का बलिदान दिवस

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा के पितृ पुरुष श्यामप्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत माता,श्यामप्रसाद मुखर्जी जी, दीनदयाल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम के पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया।



कार्यक्रम पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल के मुख्य अतिथ्य मे भाजपा जिलाध्यक्ष पं.रामस्नेही पाठक ने की अध्यक्षता मे व विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, महेंद्र नागेश, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति काकोडिया, पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अवधेश प्रताप पटेल, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, जिला महामंत्री डॉ हरगोविंद पटेल पूर्व नपा अध्यक्ष संध्या कोठारी की उपस्थिति मे संपन्न हुआ।

भाजपा जिलाध्यक्ष पं.रामस्नेही पाठक ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का बलिदान, उनके विचार और उनकी राष्ट्रभक्ति आज भी करोड़ों भारतीयों को प्रेरित करती है। श्री पाठक ने डॉ. मुखर्जी के ऐतिहासिक संकल्प को याद करते हुए कहा एक देश में दो प्रधान, दो निशान, दो संविधान नहीं चलेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि डॉ. मुखर्जी के अथक प्रयासों के कारण ही जम्मू-कश्मीर में उस समय व्याप्त परमिट प्रथा का अंत हो पाया था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मप्र सरकार के पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक बहुआयामी व्यक्तित्व के स्वामी ही नहीं, एक महान शिक्षाविद्, देशभक्त, राजनेता, सांसद, अदम्य साहस के धनी और सहृदय और मानवतावादी थे।

भारत के राष्ट्रवादी महापुरूष डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के विचारों में संपूर्ण भारत दिखता था। इस अवसर पर भाजपा के जिला पदाधिकारीगण, मोर्चा,प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्षगण, मंडल अध्यक्षगण सहित पार्टी के जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



## विद्यार्थियों को कराया गया औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना उच्चशिक्षा भोपाल एवं डॉ. आर.बी.सिंह प्राचार्य के निर्देशन में प्रधानमंत्री एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा एम.एस.सी. चतुर्थ सेमेस्टर के 15 विद्यार्थियों का ''सेंस वरूण इंवायरमेंटल लैवोरेटरी प्राईवेट लिमिटेड विजय नगर जबलपुर'' में एक दिवसीय औद्यौगिक भ्रमण 23 जून  को कराया गया।

विद्यार्थियों को पीने के पानी, मृदा, वायु, नमी, हैवीमैटल्स, ध्वनि के विभिन्न पैमानों के परीक्षण की तकनीकी एवं उपकरणों की जानकारी विस्तृत रूप से प्रदान की गयी। जिससे विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने के साथ-साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध करने में सहायता प्राप्त होगी। औद्योगिक भ्रमण का डॉ. जगदीश सेन, कु. विशाखा शर्मा द्वारा सफल आयोजन किया गया तथा राजेश कुमार मेहरा एवं गोमती सिलावट का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## संपूर्ण देश में मनाएं आपातकाल की 50वीं बरसी : लोकतंत्र सेनानी

*वर्ष 1971 में लोकसभा के चुनाव में इंदिरा गांधी रायबरैली चुनावी क्षेत्र से चुनाव में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके विरोध में समाजवादी नेता राजनारायणसिंह ने भी उनके विरोध में चुनाव हेतु नामांकन प्रस्तुत किया। उक्त चुनाव में इंदिरा गांधी विजय घोषित हुई। चुनाव के पश्चात राजनारायणसिंह ने गांधी के विरूद्ध इलाहबाद उच्च न्यायालय में उनके निर्वाचन को लेकर अपील प्रस्तुत की। जिसमें उन्होंने गवाहों एवं दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर न्यायालय में अपील प्रस्तुत की थी। न्यायालय ने दस्तावेज एवं गवाहों के सही ठहराते हुये इलाहबाद उच्च न्यायालय के न्यायधीश माननीय जगमोहन सिन्हा ने श्रीमती गांधी का चुनाव अवैध घोषित करते हुये उन्हें 6वर्ष के लिये अपात्र घोषित कर दिया साथ ही सदन में किसी भी मुद्दे पर वोट न करने का अधिकार भी समाप्त कर दिया परंतु श्रीमती गांधी को उच्चतम न्यायालय में स्थगन प्राप्त करने का अधिकार दिया गया। श्रीमती गांधी के चुनाव अवैध होने के कारण उन पर इस्तीफा देने का दबाब देश की तमाम विपक्ष की राजनैतिक पार्टियों के साथ साथ कांग्रेस के अंदर भी दबी जबान में इस्तीफा देने का दबाब बनाया जाने लगा।*

गुजरात से शुरू हुए छात्र आंदोलन को बिहार ने हवा दी तथा महान क्रांतिकारी गांधीवादी विचारधारा के सर्वमान्य नेता जयप्रकाश नारायण जे.पी. के नेतृत्व में संपूर्ण देश में संपूर्ण क्रांति के  साथ साथ सिंहासन खाली करो। जनता आती है का नारा बुलन्द हो गया था तमात राजनैतिक पार्टियों के नेता गण जे.पी. के इस आंदोलन में सम्मिलित हुये तथा श्रीमती गांधी के चुना अवैध को लेकर संपूर्ण देश में अलख जगाया जाने लगा 25 जून 1975 को दशहरा मैदान जे.पी.के नेतृत्व में तमाम राजनैतिक पार्टी इकत्रित हो तथा सत्ता परिवर्तन हेतु संकल्प लिया गया।

देश में जन आंदोलन तेजी से बढ़ने लगा जिस पर संजय, गांधी विद्याचरण शुक्ल, सिद्धार्थ शंकर रे जैसे कांग्रेस के बड़े बड़े नेताओं ने इस्तीफा न देने के लिये राजी किया तथा 25 जून 1975 की दरम्यानी रात्रि में श्रीमती गांधी जो देश की प्रधानमंत्री थी उन्होंने संविधान की धारा  352 का उपयोग करते हुये आंतरिक आपातकाल की घोषणा रेडियों के माध्यम की तथा देश के नागरिकों से अपील की यह आपातकाल अल्प समय के लिये घोषित की गई है। बताया जाता है कि अर्द्ध रात्रि में देश के राष्ट्रपति को जगा कर बगैर मंत्री मण्डल की स्वीकृति के आपातकाल की घोषणा श्रीमती गांधी ने देश के तात्कालिक राष्ट्रपति फखरूद्दीन अली अहमद से हस्ताक्षर कराये तथा बाद में मंत्री मण्डल से आपातकाल का प्रस्ताव पारित करवाया। आपातकाल की घोषणा होते ही देश के विपक्ष की समस्त राजनैतिक पार्टियों के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को यहॉ तक कि जयप्रकाश नारायण जे.पी.मुरारी जी देसाई, चौधरी चरणसिंह, अटलबिहारी बाजपेयी, लालकृष्ण आडवानी, मधुलिमिये के साथ साथ लाखों की संख्या में सामाजिक, राजनैतिक कार्यकर्ताओं को जेलों में बंद कर दिया जो 19माह तक जेल में बंद रहे। प्रेस की आजादी पर अंकुश लगा दिया गया। जो विपक्षीय मानसिकता के अखबार थे। उ

नके आफिस विद्युत लाईन काट दी गई। अखबार के प्रकाशन बंद कर दिये गये। प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी गई। बगैर शासन अनुमति के अखबारों में समाचारों के प्रकाशन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। संविधान की धारा 19 को शून्य घोषित कर नागरिकों को बुनियादी आजादी समाप्त कर दी गई थी। जेल में बंद मीसाधारा के तहत सामाजिक राजनैतिक कार्यकर्ताओं को संविधान की धारा 21 को शून्य घोषित कर उनको न्याय प्राप्त करने का अधिकार समाप्त कर दिया था। मीसा एवं डीआईआर के अंतर्गत जेल में बंद व्यक्तियों को ना अपील, ना दलील का अवसर समाप्त कर दिया था। उक्त धारा के अंतर्गत जेल में बंद व्यक्तियों को इस बात का ज्ञान नही था कि किस अवधि में जेल से बाहर निकलेगें उन पर अनिश्चितता की तलवार लटकी हुई थी। जेल में बंद राजनैतिक, सामाजिक कार्यकर्ताओं को अनेकों प्रकार से प्रताड़ित किया गया। बहुत से कार्यकर्ता की जेल में मृत्यु हुई तथा अनेको कार्यकर्ता गंभीर बीमारियों से ग्रसित हुये।


युवक कांग्रेस के चाटुकारिता नेताओं ने देश में संजय गांधी के पांच सूत्रीय कार्यक्रम जिसमें नसबंदी कार्यक्रम को लेकर देश के अनेको क्षेत्र में वैवाहिक जीवनयापन करने वाले अथवा अवैवाहिक व्यक्तियों की नसबंदी कर वाह वाही लूटने की होड़ मची थी। कांग्रेस के बीस सूत्रीय कार्यक्रम को लेकर आम जनता पर अवैधानिक दबाब बनाया गया। कांग्रेस के अध्यक्ष देवकांत बरूआ ने इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा का नारा देकर चाटुकारिता की सीमा लांघ दी थी। नवम्बर 1976 में 42वॉ संशोधन कर संविधान के मूलस्वरूप को बदल दिया था। कांग्रेस के नेताओं एवं शासकीय तंत्र ने आपातकाल को अनुशासन पर्व की संज्ञा देकर यह घोषित करने का प्रयास किया गया कि देश में शांति सद्भाव वातावरण है। शासकीय तंत्र एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने श्रीमती गांधी को बताया कि अगर चुनाव की घोषणा की जाती है तो कांग्रेस भारी बहुमत से विजयश्री प्राप्त करेगी। उन सबकी बातों पर विश्वास करते हुये 18 जनवरी 1977 को चुनाव कराने की घोषणा की गई। मार्च 1977 में देश आम चुनाव हुये।

आपातकाल की ज्यादतियों के लेकर जनता के अंदर मौन विरोध प्रखर था। समस्त राजनैतिक पार्टियों ने जेल में जनता पार्टी का गठन कर चुनाव में भाग लेने का मन बनाया तथा चुनाव में जनता पार्टी के चुनाव चिन्ह पर कांग्रेस के विरूद्ध प्रत्याशी घोषित किये गये। देश की जनता ने आपातकाल के विरोध में मत पत्र में कांग्रेस के खिलाफ मतदान कर जो कांग्रेस कभी हारी नही थी उस कांग्रेस को हरा कर एक नया इतिहास देश की जनता ने रच डाला। इस कारण से चुनाव में श्रीमती गांधी एवं उनके पुत्र संजय गांधी के साथ साथ संपूर्ण कांग्रेस पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। इस प्रकार से 1977 में जनता पार्टी की सरकार बनी तथा 21मार्च 1977 में आपातकाल समाप्त की घोषणा की गई। 25 जून 1975 में आपातकाल की घोषणा की गई थी। तब से लेकर 25 जून 2025 में आपातकाल की 50वीं बरसी लोकतंत्र सैनानी जो आपातकाल के समय जेल में निरूद्ध थे। उनके द्वारा संपूर्ण देश में मनाई जा रही है।

**संतोष तिहैया** अधिवक्ता
लोकतंत्र सेनानी

## आरके श्रीवास्तव का सम्मान और नागरिक अभिनंदन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** बुजुर्ग वरिष्ठ जनों को आनंद खुशियां आदर देने सहित उनके स्वागत सम्मान में वरिष्ठ जन परिषद नरसिंहपुर अहम भूमिका निभा रही है।विगत दिवस राम जानकी मंदिर धनारे कालोनी नरसिंहपुर में आयोजित कार्यक्रम में 84 वर्षीय वरिष्ठतम सदस्य सेवा निवृत्त उपसंचालक कृषि आरके श्रीवास्तव का जन्मोत्सव मनाते हुए पुष्पमाला शाल श्रीफल से परिषद द्वारा उनका स्वागत सम्मान और नागरिक अभिनंदन किया गया। अपने जन्मोत्सव पर श्रीवास्तव ने शिवांगन में अनार चीकू बिही पपीता सहित दस पौधे रोपित किए।



कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन वंदन हनुमान चालीसा और प्रभु नाम संकीर्तन से हुआ। कार्यक्रम का सरस संचालन कविवर अशोक त्रिपाठी ने तो आभार प्रदर्शन अरूण कुमार खरे ने किया।

आयोजन में कविवर रमाकांत गुप्ता नीर ,कविवर अशोक त्रिपाठी, डी डी गोस्वामी, डा महेश त्रिपाठी ,डा केदार गुप्ता, सुबोध शर्मा, देवेन्द्र दुबे, मदन श्रीवास्तव, नारायण श्रीवास्तव ,सी बी शर्मा ,परिषदअध्यक्ष गणेश कुमार चतुर्वेदी, बी एस पटेल, दिनेश श्रीवास्तव ,मानक पटेल ,राजेन्द्र सिंह पटेल, उत्तम सोनी, राजेन्द्र सिंह राय ,अनिल राय ,एस के चतुर्वेदी ,के आर नामदेव, आर के पटवा, रमेश मेहरा ,छत्रपाल कोरी, आर के नेमा, महेश नेमा ,अशोक नेमा, भवानी शर्मा ,संतोष शर्मा, विजय शर्मा, एम एल हरदेनिया ,धनराज साहू भोपत साहू सहित अन्य वरिष्ठ जन उपस्थित थे।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र
अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल
Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ
एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड,
महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा
जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए